कक्षा - 4

समय :- 2 घण्टे **विषय :- हिन्दी** **पूर्णाक :- 50**

नोट :-1. सभी प्रश्नों को हल करना अनिवार्य है।

2. प्रत्येक प्रश्न के अंक उनके सामने अंकित हैं।

प्रश्नः–1 सही उतर का क्रमाक्षर कोष्ठक में लिखिए।

(1) जंगल के सभी जीव मिलकर किसके पास पहुंचे :– 1

(अ) सिंह (ब) खरगोश (स) हिरण (द) भालू

(2) इन्द्र ने वध किया था – 1

(अ) कुंभकर्ण का (ब) मेघनाद का (स) वृत्रासुर का (द) रावण का

(3) चक्रव्यूह में कितने घेरे होते है – 1

(अ) पांच (ब) सात (स) छह (द) आठ

(4) ट्रक से बांधकर किसे घसीटा गया ? 1

(अ) कालीबाई को (ब) पुलिस अफसर को

(स) नानाभाई को (द) सेंगाभाई को

(5) सूर्य पानी से बनाता है – 1

(अ) नमक (ब) बर्फ (स) बादल (द) रोशनी

(6) कुओं पर किसकी आवाज आती है – 1

(अ) रहट की (ब) हल (स) किसान (द) फसल की

(7) खून से इंजेक्शन की सूई को किस रंग के कूड़ेदान में डालना चाहिए :– 1

(अ) लाल (ब) नीला (स) हरा (द) काला

(8) नेहरू उद्यान किस झील में स्थित है ? 1

(अ) फतहसागर (ब) उदयसागर (स) पिछोला (द) जनासागर

(9) पेड़ किसके परिवार है :– 1

(अ) पंछियों के (ब) जंगल के (स) धरती के (द) पशुओं के

(10) किस दिन शस्त्र पूजा होती है :– 1

(अ) दीपावली के दिन (ब) ईद के दिन

(स) क्रिसमस के दिन (द) दशहरे के दिन

प्रश्नः–2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कोष्ठक में दिए उचित शब्द से कीजिये :–

(1) स्नेह प्रेम .... यहां। (सम्मान/निरक्षर) 1

(2) पहाड़ी पर .... का मन्दिर है। (दुर्गामाता/नीमजमाता) 1

(3) सूर्य हमें .... देता है। (प्रकाश/अंधेरा) 1

(4) लूरी लपटां .... लेवै। (कागला/लावा) 1

(5) आंधी और .... सूं खेलै। (घूंघट/डुगट) 1

(6) जिस शब्द से पुरूष जाति का बोध होता है उसे ...... कहते है। 1
(पुल्लिंग/स्त्रीलिंग)

(7) विशेषण के .... भेद होते है। (चार/छः) 1

प्रश्नः–3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये :–

(1) विशेषण की परिभाषा लिखिए। 1

(2) उपसर्ग कितने होते है, नाम लिखिए। 1

(3) सुख का धाम किसे कहा गया है ? 1

(4) मृत्यु के भय से किसके पैर नहीं उठ रहे थे ? 1

(5) सौर वेधशाला में क्या होता है ? 1

(6) पेड़ हमारे लिए क्या – क्या करते है ? 1

(7) दशहरा क्यों मनाया जाता है। ? 1

(8) खेजड़ी से क्या लाभ है ? लिखिए। 1

(9) कूड़ेदान कितने प्रकार के होते है ? 1

(10) जलाशय पर लोग क्या – क्या करते है ? 1

प्रश्नः–4 निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन लिखिए। 3

(1) रात (2) बालिका (3) चिड़िया (4) किताब

प्रश्नः–5 नीचे दिए गए शब्दों के विपरीत अर्थ वाले शब्द लिखो। 3

(1) वीर (2) यश (3) धनी (4) जीवन

प्रश्नः–6 निम्नलिखित स्त्रीलिंग शब्दों के पुल्लिंग शब्द लिखो :– 3

(1) शिक्षिका (2) मोरनी (3) घोड़ी (4) माता

प्रश्नः–7 निम्नलिखित शब्दों के दो – दो पर्यायवाची शब्द लिखो । 4

(1) आकाश (2) दिन (3) आंख (4) तालाब

प्रश्नः–8 अपने प्रधानाध्यापक जी को बीमार होने के कारण दो दिन के अवकाश के लिए एक प्रार्थना पत्र लिखिए। 5

प्रश्नः–9 निम्न में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए। 5

(1) मेरा विद्यालय (2) गाय

(3) दीपावली (4) मेरे प्रिय अध्यापक